हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 11 नवंबर 2024



# चार जिलों में 80 करोड़ की लागत से बनेंगे पक्के चबूतरे-फड़, शेड के साथ गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अगले सप्ताह से शुरू होने वाली सरकारी धान खरीदी से पहले तैयारियों का दौर तेज हो गया है। राजनांदगांव, कवर्धा सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले में भी धान खरीदी की तैयारी को लेकर 80 करोड़ की लागत से उपार्जन केंद्रों में पक्के चबूतरा, पक्का फड़, शेड के साथ ही 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम बनाए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि आगामी 14 नवंबर से प्रदेशभर में धान खरीदी की शुरूआत होने जा रही है। इसको लेकर पंजीयन के बाद अब किसानों को टोकन बांटने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। हालांकि समिति प्रबंधक के साथ ही कर्मचारियों के हड़ताल से प्रक्रिया प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन प्रशासन अपने स्तर पर तैयारी कर रहा है। बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल का कहना है कि इसके तहत ही राजनांदगांव, कवर्धा सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले में जहां पक्के फड़, चबूतरा या शेड नहीं था, वहां के लिए शासन ने राशि स्वीकृत कर दी है। 80 करोड़ रुपए के काम समितियों में धान खरीदी को लेकर किए जाने हैं।

## 14 नवंबर से सरकारी धान खरीदी की शुरूआत, बारदाना-फड़ के साथ अन्य तैयारियां तेज

### 112 गोदाम भी बनेंगे

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव, कवर्धा सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले को मिलाकर कुल 419 पक्के चबूतरे, 209 पक्के फड़, 212 शेड एवं 112 उपार्जन केंद्रों में 200 मीट्रिक टन क्षमता वाला गोदाम बनाया जाएगा। इसके लिए शासन ने कुल 80.12 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### खास बातें

- राजनांदगांव सहित कवर्धा, खैरागढ़ व मोहला मानपुर जिले में होंगे काम
- धान खरीदी एवं भंडारण में मिलेगी समितियों को राहत



### हड़ताल की वजह से टोकन अटका

भले ही अगले सप्ताह से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत होनी है, लेकिन समिति प्रबंधको एवं कर्मचारियो की हड़ताल की वजह से प्रक्रिया काफी प्रभावित हो रही है। आलम यह है कि सात नवंबर से किसानो को टोकन वितरण किया जाना था, लेकिन हड़ताल की वजह से शुरुआती दो दिनो में किसी भी किसान को टोकन जारी नहीं किया हो पाया। वहीं सॉफ्टवेयर में दिक्कत की वजह से ऑनलाइन भी टोकन नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में अब शासन प्रशासन के सामने किसानो को टोकन देने की चुनौती आ गई है।

### धान सुरक्षा को मिलेगा बल

ज्ञात हो कि हर साल बेमौसम बारिश और लेट उठाव की वजह से लाखों-हजारों रुपए का धान खराब हो जाता है। वहीं सरकार द्वारा करोड़ों-लाखों खर्च के बाद भी सैकड़ों क्विंटल धान खुले में रखना पड़ता है। बारिश होने पर अब कैप-कवर ही सहारा है। ऐसे में चार जिलों में कुल 419 चबूतरा बनाने की स्वीकृति मिलना राहत की बात है। इसका काम भी शुरू हो गया है।

---

### जांच में खुली पोल, आरईएस, जनपद पंचायत और ठेकेदारों को नोटिस

# जतन के नाम पर फूंके करोड़ों रुपए, फिर भी स्कूलों में सीपेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में मरम्मत कराने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री जतन योजना में अफसर और ठेकेदारों ने जमकर फर्जीवाड़ा किया है। राज्य शासन द्वारा कराई गई जांच में 20 स्कूलों में मरम्मत के नाम पर घटिया काम करने की पुष्टि हुई है। अफसर और ठेकेदारों द्वारा मरम्मत किए बगैर ही राशि आहरित किए जाने की भी शिकायतें सामने आई है। यही कारण है कि जतन के बाद भी स्कूलों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मामले में कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी आरईएस तथा छुरिया और डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के सीईओ को नोटिस थमाया है। वहीं ठेकेदारों को भी नोटिस दी गई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत राजनांदगांव की सरकारी स्कूलों में मरम्मत का काम कराने के लिए करीब साढ़े 22 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे। शिक्षा विभाग ने इस राशि को आईईएस विभाग को सौंपा था, जहां से टेंडर प्रक्रिया के बाद स्कूलों में मरम्म्त का काम कराया गया था। इस बीच कुछ स्कूलों के काम को जनपद पंचायतों के जरिये सीधे ग्राम पंचायतों को सौंपा गया था। मुख्यमंत्री जतन योजना के नाम पर अफसर और ठेकेदारों द्वारा जमकर फर्जीवाड़ा किए जाने की शिकायतों के चलते राज्य शासन के शिक्षा महकमे ने मामले में जांच के आदेश जारी किए थे। आईईएस और जनपद पंचायतों द्वारा कराए गए कामों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। जिसमें चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। बताया जाता है कि मरम्मत के बाद भी 20 स्कूल भवन में सीपेज की समस्या बरकरार है। यही नहीं कुछ स्कूलों में हाल ही में लगाई गई टाईल्स भी उखड़ चुकी है। यही नहीं जिन स्कूलों में मरम्मत किया जाना कागजों में बताया गया है, वहां ऐसी स्थिति दिखाई नहीं दी है।

## मरम्मत के लिए मिले थे 22 करोड़ रुपए



### नोटिस जारी

जांच टीम ने 20 स्कूलों में घटिया निर्माण पाया है। इस मामले में प्रशासन द्वारा आरईएस और जनपद पंचायतों को नोटिस जारी की गई है।

- प्रवास सिंह बघेल, डीईओ

### स्कूलों की हालत जस की तस

मुख्यमंत्री जतन योजना के नाम पर जिले में साढ़े 22 करोड़ रुपए खर्च किए जाने के बाद स्कूलों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बताया जाता है कि कुछ स्कूलों में आधा-अधूरा काम कर ही ठेकेदारों ने प्राचार्य पर दबाव बनाकर काम को पूर्ण बता दिया है। यही कारण है कि इस योजना से स्कूलों की तस्वीर नहीं बदली।

### आरईएस ने किया भुगतान

मुख्यमंत्री जतन योजना में फर्जीवाड़े को अंजाम देने के साथ ही आरईएस महकमे ने बिना भौतिक सत्यापन कराए ही ठेकेदारों को भुगतान कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि इस काम में अफसरों ने जमकर कमीशनखोरी भी की है। मामले की रिपोर्ट सामने आने के बाद कलेक्टर ने अफसरों को जमकर फटकार भी लगाई है।

---

# आधी रात अज्ञात वाहन ने मारी युवक को ठोकर, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

डोंगरगढ़ रोड के घोटिया चौक में बीती रात सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक मुकेश विश्वकर्मा की जान चली गई।

मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश पोल्ट्री फार्म में काम करता था और काम से छूटने के बाद अपने गांव बोईरडीह लौटने के लिए बाइक से निकला था। इस बीच देर रात अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा मुकेश को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने तक मुकेश की स्थिति इतनी गंभीर थी कि उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अज्ञात वाहन को पकड़ने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जिससे आरोपी का पता लगाया जा सके। रविवार सुबह पीएम बाद मुकेश का शव परिजनों को सौंपा गया।

### यातायात व्यवस्था पर सवाल

हादसे के बाद जिले में यातायात सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। जिला बने लगभग तीन साल हो गया है, लेकिन अब तक यहां यातायात व्यवस्था का अभाव नजर आ रहा है। आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। जिनमें कई लोगों की जान चली जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़कों पर यातायात नियमों के पालन में कमी और लापरवाही के चलते हादसों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उनका आरोप है कि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाना मुश्किल हो गया है। वरिष्ठ नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले में यातायात सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाया जाए।

### लगातार सड़क हादसे, रफ्तार बन रहा कारण

अविभाजित राजनांदगांव जिले में पिछले कुछ महीनों में सड़क हादसे की संख्या काफी बढ़ी है। नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे एवं अंदरूनी इलाकों की सड़कों में भी सड़क हादसे में जान जा रही है। अधिकांश मामले में मौत का कारण सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाना पाया गया है। इसके अलावा दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहने जाने से उनके सिर पर लगने वाली गंभीर चोंट भी मौत का अहम कारण है। इसके अलावा सड़कों पर बैठे रहने वाले आवारा मवेशी भी बड़ा कारण रहा है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में हुए सड़क हादसों में आवारा मवेशियों की वजह से हादसे होने की जानकारी कम आई है। इधर प्रशासन की तरफ से भी सड़क हादसे को रोकने के लिए कोई प्रयास होता नहीं दिखाई दे रहा है। हेलमेट एवं रफ्तार पर नियंत्रण रखने को लेकर किसी भी प्रकार का जागरूकता अभियान भी नहीं दिखाई दे रहा है।




---

# नवमीं पर आंवला पेड़ की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रविवार को अक्षय नवमी, आंवला नवमी पर्व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया।



पर्वों के तहत आज आंवला नवमी पर्व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग आंवला वृक्ष के नीचे एकत्र हुए और रक्षासूत्र बांधकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की।

ज्ञात हो कि कार्तिक मास में लगातार व्रत त्यौहारों का क्रम बना हुआ है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी पर इस मौके पर कई लोगों ने व्रत भी धारण किया। भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

बड़ी संख्या में महिलाएं सपरिवार आंवला वृक्ष के नीचे, नगर निगम गार्डन, गांधी चौक, मोहारा नदी तट, मुंदडा कुंज में आंवला पेड़ के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वहीं आंवला पेड़ को रक्षासूत्र भी बांधकर घर-परिवार के लिए मंगल एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कई लोगों ने आज आंवला नवमी पर्व पर सपरिवार आंवला वृक्ष के नीचे एकत्र होकर भोजन बनाया एवं भोजन ग्रहण भी किया। इस मौके पर आंवला एवं पूजा सामग्रियों की मांग लोगों के बीच रही। ऐसी मान्यताएं है कि आंवला पेड़ के नीचे भोजन करने से सुख-समृद्धि बढ़ती है। वहीं नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इस मौके पर दान-पुण्य का भी माहौल रहा।

---

# उत्तरी हवाओं का बढ़ेगा आगमन, नमी की मात्रा घटेगी, अगले सप्ताह से ठंड पसारेगी अपने पांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर पूर्व से हवाओं का आगमन बढ़ने वाला है। इसके साथ ही अंचल में नमी की मात्रा में भी कमी आने की संभावना है। ऐसे में ठंड का कहर शुरू हो सकता है। न्यूनतम तापमान के साथ ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि पिछले दिनों की तुलना में मौजूदा समय में तापमान में कुछ गिरावट देखने को मिली है। इस वजह से बाहरी इलाकों में सुबह-सुबह हल्की ठंड महसूस होने लगी है।

दिवाली त्यौहार बीत जाने के बाद भी अब तक अंचल में गुलाबी ठंड देखने को नहीं मिली है। हालांकि अलसुबह और देर रात ठंडी हवाएं चलने का दौर शुरू हो गया है, लेकिन अब भी दिन के अधिकांश समय ठंड गायब है। ऐसे में लोगों का भी ठंड को लेकर इंतजार बढ़ने लगा है। इस बीच मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 11 से 15 नवंबर के बीच अंचल में ठंड का असर बढ़ सकता है।

अगले सप्ताह से तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो जाएगा और ठंड बढ़ेगी। प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह धुंध छाने लगी है और रात को भी ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पांच दिन-रात के तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। उसके बाद ठंड का दायरा बढ़ने लगेगा।



### रात का पारा लुढ़का

राजनांदगांव जिले में भले ही ठंड अभी पूरी तरह से अपने रंग में ना आई हो, लेकिन यहां रात का तापमान लुढ़कना शुरू हो गया है। 3 नवंबर को अंचल में न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के करीब था, जो अब गुरुवार को 19 डिग्री पर आ गया है। वहीं अधिकतम तापमान भी 34 डिग्री से नीचे आकर 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। इसमें एक सप्ताह बाद और गिरावट देखने को मिल सकती है।

### नमी की मात्रा ने रोकी ठंड

मौसम विभाग के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार मौजूदा समय में प्रदेश के अधिकांश इलाकों में नमी की मात्रा अधिक बनी हुई है। इसके साथ ही अंचल में आने वाली हवाओं की दिशा भी पूर्वी है। ऐसे में ठंड का एहसास नहीं हो रहा है। हालांकि आने वाले दिनों में नमी की मात्रा में कमी आने के बाद ठंड बढ़ने लगेगी और रात के साथ ही दिन में भी ठंड महसूस होगी। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर के बाद ठंड बढ़ने का अनुमान है।

---

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 86 वाहन चालकों पर कार्रवाई

- यातायात विभाग की कार्रवाई, लगातार अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत 86 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 9 नवंबर को कुल 86 वाहनों पर कार्रवाई कर 31000 रुपए जुर्माना वसूला गया।

**बिना हेलमेट, नो-पार्किंग में पार्किंग पर कार्रवाई :** जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 26, वाहन में तीन सवारी में 26, बिना कागजात 15, नो-पार्किंग 11 एवं बिना नंबर वाहनों में 8 वाहनों में कार्रवाई किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। पुलिस का आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, तीन सवारी न चले, यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें।

---

### सफेद साड़ी पहनकर निकालेंगे पैदल न्याय यात्रा

# बुनियादी सुविधाओं के लिए नक्सल पीड़ित परिवार निकालेंगे न्याय यात्रा, गृहमंत्री के घर तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नक्सलवाद में मारे गए परिवारों द्वारा सरकार और सिस्टम से खुद का मकान और अन्य बुनियादी सुविधा की मांग को लेकर चल रही लंबी लड़ाई के बीच अब अपना भाई, बेटा, पति, पिता के नृशंस हत्या का खौफ के साथ गांव, घर बार, अपनी जमीन छोड़कर लावारिसों की तरह सड़क पर जिंदगी बिताने को मजबूर नक्सल पीड़ित परिवार की महिलाओ द्वारा सफेद साड़ी पहनकर बस्तर से गृहमंत्री निवास रायपुर तक न्याय यात्रा की तैयारी की जा रही है।

नक्सल पीड़ित संगठन की अगुवाई कर रहे धीरेंद्र साहू ने जानकारी बताया कि कांकेर में



प्रदेश के नक्सलवाद से पीड़ति परिवारों का सम्मेलन 24 नवंबर को बस स्टैंड मेला ग्राऊंड कांकेर में रखा गया है। जिसमें प्रदेश के बीहड़ क्षेत्र में निवासरत नक्सल पीड़ति परिवार इस अहम बैठक व सम्मेलन में शामिल होकर पदयात्रा के लिए तारीख मुकर्रर की जाएगी।

### प्रदेशभर से पहुंचेंगे पीड़ित

प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के साथ-साथ राजनांदगांव, खैरागढ़, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर, धमतरी, जगदलपुर, कोंडागांव, गरियाबंद और कांकेर जिला के पीड़ति परिवार शामिल होंगे।

### सड़क में चल रही है जिंदगी

नक्सली हिंसा में परिवार के सदस्य की खौफनाक हत्या के साथ अपना गांव, घर, जमीन छोड़कर तहसील व जिला मुख्यालय में झोपड़ी व कच्चे मकान में जिंदगी गुजार रहे नक्सल पीड़ित परिवारों द्वारा खुद का मकान और अन्य बुनियादी सुविधा की मांग को लेकर पीड़ित परिवार की महिलाओं द्वारा सफेद साड़ी पहनकर गृहमंत्री निवास तक पदयात्रा करने की तैयारी की जा रही है।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आर्थोडॉंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार

मिलने का समय - प्रात: 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

हर गाड़ी की खरीदी पर पायें बम्पर ऑफर
5000 रु. तक का कैश डिस्काउंट* | एक हेलमेट फ्री* | फुल टैंक पेट्रोल फ्री*
राकेश होंडा
एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, मेन रोड़, डोंगरगांव,
मो. 8815055550
न्यूनतम ब्याज दर
न्यूनतम डाउन पेमेंट
एक शांत क्रांति
7230032200

## खबर संक्षेप

### छबिप्रकाश जाएगा दार्जिलिंग



**चारभांठा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छबिप्रकाश मानिकपुरी का चयन छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाइड पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर के लिए हुआ है। वह शिविर में भाग लेने दार्जिलिंग जाएंगे।उनका चयन होने पर शाला परिवार ने उन्हे बधाई दी है।

### माता देवाला यात्रा 15 को

**चिचोला।** विधायक दलेश्वर साहू द्वारा शुरू की गई माता देवाला दर्शन यात्रा का तीसरा चरण आगामी 15 नवंबर को चैतुबाबा मंदिर से शुरू होगा।

उल्लेखनीय है कि गांव के देवी देवताओं के इतिहास, महत्व आदि ने वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है जिसकी शुरूवात बीते माह विधानसभा मुख्यालय से किया गया था। तीसरे चरण में दर्शन यात्रा चैतुबाबा मंदिर से शुरू होकर बेल्हरी, पुरैना, अन्य नवागांव से रूवातला तक जाएगी। यहां यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर जस सम्राट दिलीप षड़गी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने ग्रामीणों ने शामिल होने का आव्हान किया है।

## पीएमश्री योजना के तहत स्कूल का किया गया कायाकल्प

# गढ़ रहे डुन्डेरा के बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा ही वह बुनियाद है, जिस पर देश के नौनिहालों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है। इसके दृष्टिगत बच्चों के समग्र विकास के लिए भारत शासन द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना राजनांदगांव जिले के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुंडेरा में फलीभूत हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में बच्चों के भविष्य को गढ़ने एवं तराशने का कार्य शिद्दत से किया जा रहा है। बच्चों की यह मुस्कान, पढ़ाई के प्रति उनकी लगन एवं स्कूल के खुशनुमा माहौल को बयां करती है। सर्वसुविधायुक्त स्कूल की परिकल्पना यहां सार्थक हुई है। यहां न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है, बल्कि बच्चों को पीएमश्री पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। पीएमश्री योजना के तहत लगभग 4 लाख 15 हजार रुपए की राशि से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा का कायाकल्प किया गया।

फर्श पर सुंदर टाइल्स लगाए गए हैं तथा दीवारों पर ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेटिंग की गई है। फर्नीचर एवं आकर्षक साज-सज्जा एवं प्रेरक माहौल से बच्चों को पढ़ाई के लिए उपयुक्त माहौल मिल रहा है। स्मार्ट क्लास में पढ़ते बच्चों के बौद्धिक स्तर में वृद्धि हुई है। ग्रीन स्कूल की तर्ज पर स्कूल को विकसित किया गया है और स्वच्छ और हरे-भरे वातावरण के लिए पौधे रोपित किए गए हैं।





### सेहत का भी ख्याल

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में वर्ष 2023 में 82 हजार रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ। यहां बच्चों के लिए संगीत, विभिन्न खेल गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर फिल्टर लगाया गया है। स्कूल के प्रधान पाठक भीखम दास साहू ने बताया कि वर्ष 2023 में शासकीय प्राथमिक शाला डुंडेरा को पीएमश्री योजना के लिए चयनित किया गया। इस योजना के तहत केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग स्कूल में अच्छी तरह से किया जा रहा है। स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उनका स्वास्थ्य जांच भी कराया गया है। इस योजना के लिए चयनित होने के बाद स्कूल में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है।

### गांव के स्कूल में आधुनिक सुविधाएं

गौरतलब है कि स्कूल में अभी पहली से पांचवीं तक 109 बच्चे अध्ययनरत हैं। यहां स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मध्यान्ह भोजन की सुविधा है। इसके साथ ही पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय भी है। यहां दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पढ़ने प्रेरित करती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियां एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है। जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाईब्रेरी के बराबर होता है, जैसी प्रेरणादायक पंक्तियां लिखी हुई है। बच्चों के लिए पर्याप्त खेल सामग्री एवं म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध है। सोमवार से शनिवार तक दोपहर 1 बजे भोजन दिया जाता है। साथ ही बच्चों के लिए खेल सामग्री भी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 11 पीएमश्री स्कूल हैं, जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# खो- खो प्रतियोगिता में नांदगांव की टीम विजेता



■ राज्य स्तरीय स्पर्धा 20 से दुर्ग में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सेक्टर स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय में किया गया।

स्पर्धा में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाव, कवर्धा, खैरागढ़, विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगाव, अंबागढ़ चौकी, डोंगरगढ़, छुरिया, बोडला, डोंगरगांव एवं आयोजक गंडई की टीमों ने भाग लिया। सभी टीमो ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। फाइनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव और नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीच खेला गया। दिग्विजय महाविद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी पीके हरि थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एनएस वर्मा ने की। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल मौजूद थे। निर्णायक डॉ एमएल नंदेश्वर, लेखराम वर्मा, मुरेश्वर वर्मा, स्कोरर टेकराम, मेधराज तारक, रोशन पटेल सहयोगी अरुण चौधरी, मोरध्वज सोनवानी, खेलन माहुले थे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौषार्य ने बताया कि राज्य स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग में आगामी 20 एवं 21 नवंबर को होगी। श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर देवेन्द्र कुमार, कुलदीप, खिलेश्वर, सुरेन्द्र ,डोंगरगढ़ के डालेश्वर, दीपेश,अंबागढ़ चौकी के पुनमचंद, यमलेश्वर, पुष्पेंद्र, डोंगरगढ़ के प्रदीप कुमार, गंडई के रोहित कुमार और छुरिया के एकेश्वर का चयन हुआ है।

# समाज और देश के विकास में भूमिका निभाएं छात्र

■ विधिक साक्षरता दिवस पर शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति ने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीष दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वरिष्ठ भूपतसिंह साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कनिष्ठ शैलेश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में नेहरू महाविद्यालय में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में छात्र - छात्राओं को समाज एवं देश के विकास में महती भूमिका निभाने जागरूक किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री दुबे ने कहा कि निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया



सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी।

यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री साहू एवं श्री वशिष्ठ ने घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा एवं नालसा की जानकारी दी। शिविर की संचालन प्राचार्य डां. रेवती ने किया। इस मौके पर पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित थे।



### ग्रामीणों को बताया अधिकार

**खुज्जी।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला पथरी के बच्चों को पॉस्को एक्ट, गुड टच, बैड टच एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विशेष सत्र न्यायाधीश अविनाश तिवारी एवं अधिवक्ता महेंद्र सिंह ठाकुर थे। शिविर में श्री तिवारी ने बच्चों तथा ग्रामवासियों को संविधान की महत्ता तथा अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पॉस्को एक्ट के महत्वपूर्ण तथ्यों पर ग्रामवासियों एवं बच्चों के सवालों के जवाब दिए। अधिवक्ता श्री ठाकुर ने बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को गुड टच, बैड टच की जानकारी दी। श्री ठाकुर ने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता संबंधित जानकारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर सरपंच अंजली धावड़े, कौशल वर्मा, रतन देवांगन, गुहाराम देवांगन, टाकेश्वर देवांगन, महेश्वर साहू, पोषण निषाद, दिलीप नेताम, सुरेश रामटेके, तुलसी राम, पूर्णिमा वर्मा, अंजना देवी, निर्मला बंजारे, अशोक देवांगन, रामगुलाल धावड़े, गिरीश साहू, प्रधानपाठक राजकुमार ठाकुर, भगवानीराम कन्नौजे आदि मौजूद थे।

## उल्लास से मनी आंवला नवमीं

**गंडई पंडरिया।** हिन्दू धर्म में पेड़- पौधों और नदी आदि की पूजा विभिन्न मौकों पर किया जाता है। इसी कड़ी रविवार को आंवला नवमीं मनाया गया। पर्व पर आंवले पेड़ की पूजा किया गया। यह मान्यता है कि जो इस तिथि को आंवले की पूजा करते हैं, उस पर विष्णु और महालक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इसी परंपरा का निर्वहन करने भड़भड़ी जंगल में तीन दिवसीय पिकनिक का आयोजन किया गया। नगर के अधिकांश परिवार पिकनिक मनाने भड़भड़ी गए और परिवार के साथ पूजा कर जंगल में ही भोजन बनाकर पिकनिक मनाया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7-पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## देव शास्त्र के प्रति रखें श्रद्धा का भाव

# धर्म-कर्म में पवित्रता से जीवन होगा सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्रम्हलीन आचार्य विद्यासागर सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री आगम सागर एवं मुनि श्री पुनीत सागर ने श्रावक श्रविकाओं को धर्म और कर्म का मर्म बताते हुए कहा कि धार्मिक क्रियाकलापों में पूरी निष्ठा और पवित्र भावना के साथ सहभागिता निभाने से अच्छे फल की प्राप्ति होती है।

स्थानीय संत भवन परिसर में आयोजित श्री सिद्धचक्र विधान और विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को मुनि श्री आगम सागर महाराज ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की अनुमोदना करने का फल तो मिलता हैं किन्तु उसमे सहभागिता निभाना भी बेहद जरूरी है।

श्रीपाल- मैना सुंदरी के जीवन के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि श्री पाल को कोढ होने पर मैनासुंदरी ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ विधान किया। श्री जी के गंदोधक को श्रीपाल के शरीर में लगाया जिससे वह रोग मुक्त हुए साथ ही सात सौ अन्य को भी लाभ मिला। इस कार्य में जिसने भी अनुमोदना किया उनका अगले भव में अच्छे कुल में जन्म हुआ। कृत, कार्य और अनुमोदना को अच्छे परिणाम के लिए जरूरी बताते हुए मुनि श्री ने कहा कि सामूहिक रूप से किए गए कार्य का नतीजा भी सामूहिक मिलता है किन्तु कृत्य करना आवश्यक है।



### कर्मों से ही पुण्य और पाप

अच्छे भाव से की गई भक्ति का उल्लेख करते हुए मुनिश्री ने कहा कि आराधना हमेशा सिद्ध बनने की भावना से करना चाहिए। सिद्ध बनने के लिए कर्मों का नाश करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी सिद्धों जैसे सुख, समृद्धि और वैभव की चाह रखते हैं किन्तु यह सब तभी मिलता है जब हम सिद्धों जैसा बने। उन्होंने बताया कि 108 क्रिया में पाप बनता है जिसे रोकने का प्रयास करना चाहिए।

### विधान का समापन 15 को

श्री सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित श्री सिद्धचक्र विधान का समापन आगामी 15 नवंबर को होगा। कार्यक्रम के तहत कल 11 से 14 नवंबर तक अभिषेक, शांतिधारा, पूजन विधान, आगामी 15 नवंबर को अभिषेक,शांतिधारा, विश्व शांति यज्ञ, 12 बजे शोभायात्रा के बाद सम्मान कार्यक्रम और समापन होगा।

### व्रतियों का न करें अपमान

इस मौके पर मुनिश्री पुनितसागर ने धनाभाव, बेरोजगारी, रोग, मानसिक अशांति आदि के रात्रि भोज को बड़ा कारण बताते हुए कहा कि जीवन में हमेशा इससे बचना चाहिए साथ इसका पालन करने वालों का कभी अपमान नहीं करना चाहिए। अपमान करने से इंसान कभी ऊपर नहीं उठ सकता और अगले भव में भी इसके गंभीर दुष्परिणाम भोगना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रात्रि भोज को बढ़ावा देने वाले को मन, तन और धन से वंचित होना पड़ता है। एक कथा के माध्यम से मुनिश्री ने रात्रिभोज त्याग के परिणाम से अवगत कराते हुए कहा कि एक रात भी भोजन त्याग की भावना बने तो गति बदल सकती है। रात्रि में अन्न- जल के त्याग और देवशास्त्र की पूरी पवित्रता के साथ पूजा की जाए तो जीवन कामयाब हो सकता है।

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण



**जेवरतला रोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में परख परीक्षा के पूर्व नवमीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को ओएमआर शीट भरने का प्रशिक्षण दिया गया। उच्च कार्यालय के प्राप्त आदेश एवं प्राचार्य आरके देवांगन के निर्देशानुसार व्याख्याता अजय पाठक ने छात्र-छात्राओं को ओएमआर शीट भरना सिखाया। इस प्रक्रिया में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### अंबिकापुर में सम्मानित होंगे चंद्रशेखर व प्रीतिबाला




**डोंगरगढ़।** शहर के चंद्रशेखर बोरकर एवं प्रीतिबाला को अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि एक अखबार एवं न्यूज चैनल द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया जाता है। इसी तारतम्य में समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में दोनों के सराहनीय योगदान के लिए आगामी 15 नवम्बर को सम्मानित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**गंडई पंडरिया।** बकरकट्टा क्षेत्र के काशीबाहरा वन परिक्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, मोहाला, मानपुर, बालोद और खैरागढ़ वनमंडल के अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में लकड़ी कटाई, नापजोख, चिन्हांकन और सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रायपुर से आए प्रशिक्षकों ने वनकर्मियों को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया, जिसमे लकड़ी कटाई, सुरक्षा के नियम, नापजोख और चिन्हांकन की तकनीक, कूपों की व्यवस्था,आईडब्ल्यूएसी और एससीआई फोर प्रजाति की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर विस्तार से बताया। इस कार्यशाला में अपर मुख्य वन संरक्षक अरुण पांडे, डीएफओ, एसडीओ, परिक्षेत्र अधिकारी और वनकर्मी शामिल हुए। खैरागढ़ वन मंडलाधिकारी आलोक तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण वनकर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने में मदद करेगा।

### सदभावना क्रिकेट मैच 20 से

**गंडई पंडरिया।** मार्निंग क्रिकेट क्लब गंडई ने खुशरो स्टेडियम में सदभावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 20 नवम्बर से किया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31 हजार, उप विजेता को 15 हजार रूपए दिया जाएगा। तीसरा आने वाली टीम को 7 हजार रुपए दिया जाएगा। इंट्री फीस 11 सौ रुपए निर्धारित है। प्रतियोगिता में केवल 32 टीम को प्रवेश दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन आगामी 19 नवम्बर तक कराना अनिवार्य है।

### गांव की व्यवस्था का लिया जायजा



**मोहला।** नीति आयोग की यंग प्रोफशनल नूपुर गोहरी ने गत दिनों आकांक्षी विकासखंड अंबागढ़ चौकी के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, अटल टिंकरिंग लैब का अवलोकन किया। स्कूल में उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्राचार्य से चर्चा की साथ ही रसोई घर का भी निरीक्षण किया। इसी प्रकार पीएम श्री स्कूल, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र एवं पोषण वाटिका, मोंगरा पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने आराधना संकुल संगठन चिल्हाटी का निरीक्षण करते हुए समूह की दीदियों से चर्चा की। लॉक्स एप्लिकेशन में डाटा एंट्री को समझा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिल्हाटी का निरीक्षण कर एनसीडी पोर्टल की जानकारी ली। उन्होंने जिले का पहला माहवारी स्वच्छता प्रबंधन युक्त गांव पेंडलकुही, ग्राम पंचायत गोपलिनचुआ में सामुदायिक शौचालय एवं एसएलडब्लूएम सेंटर का निरीक्षण किया। सचिव से कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी ली।

### महाराष्ट्र-झारखंड के मतदाताओं को मिलेगी छुट्टी

**खैरागढ़।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा सभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी प्रतिष्ठानों में कार्यरत दोनों राज्य के नागरिकों को मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान करने का निर्देश दिया हैं। छग शासन के श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत निर्देश में कहा गया है कि आगामी 13 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसके तहत प्रदेश में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रमों या व्यवसायों में नियोजित दोनो प्रदेशो के नागरिकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के तहत इस सुविधा का लाभ दिया जाए। इसके अंतर्गत जिले के समस्त प्रतिष्ठानों में कार्यरत महाराष्ट्र और झारखंड कर्मचारियों को मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान किया जा रहा है।

### मोखला में मड़ई महोत्सव 14 को

**राजनांदगांव।** ग्राम मोखला (भरेंगांव) में इस वर्ष भी स्व. अमृत गौटिया एवं स्व. गंगाबाई गोटनीन की स्मृति में आगामी 14 नवंबर को मंडई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम विकास समिति मोखला आदर्श नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मंडई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रात्रिकालीन लोगों के भरपूर मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला मंच दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा सांस्कृतिक संस्था ग्राम सकरौद भिलाई वालों का कार्यक्रम होगा। ग्रामीणजनों ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### दो छात्राओं का कबड्डी स्पर्धा के लिए चयन




**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की 2 छात्राओं चांदनी गावड़े एवं हेमलता दुग्गा का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में 12 से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंर्तविश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके पूर्व पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन किया गया। महिला कबड्डी टीम का प्रशिक्षण शिविर 8 नवंबर से 11 दिसंबर तक शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 में आयोजन किया जा रहा है। इस टीम के मैनेजर रमेश त्रिपाठी शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 एवं कोच डॉ. नीता एस. नायर क्रीड़ाधिकारी शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, क्रीडाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं प्राध्यापकों ने बधाई दी।

## अंजोरा बायपास के पास हुई थी घटना, आरोपी पकड़ाए

# युवक से मोबाइल छीनकर फोन पे के जरिये 1 लाख रुपए की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीड़ित को डरा-धमकाकर मोबाइल छीनकर फोन पे से एक लाख रुपए की लूट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 सितंबर को प्रार्थी जब अपनी ड्यूटी कर अपनी पत्नी को लेने टेडेसरा जा रहा था। इस दौरान अंजोरा बाइपास के पास एक बाइक में 2 व्यक्ति प्रार्थी का पीछा करते ग्राम टेडेसरा के पहले प्रार्थी को रोककर प्रार्थी का मोबाइल छीनकर अपने एक और साथी को बुलाकर प्रार्थी को अपने बाइक में बैठाकर ग्राम टेडेसरा भट्ठी की ओर खाली जगह में ले गए। आरोपियों ने जाकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर प्रार्थी से उसका फोन पे का पासवर्ड पूछकर किसी व्यक्ति से क्यूआर कोड मंगवाया और प्रार्थी के फोन से एक लाख रुपए ट्रांसफर कर लिया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा 309(4), 3(5) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर विवेचना दौरान प्रार्थी से पूछताछ कर बताए गए बयान के आधार पर सायबर सेल राजनांदगांव के तकनीकी सहयोग से आरोपी सूरज कुमार वर्मा उम्र 26 साल निवासी ग्राम कुरूभाठा, राजेश 21 साल निवासी ग्राम टेडेसरा, तारकेश्वर सिंह 34 साल निवासी ग्राम तिलई को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक बाइक एवं लूट की रकम में नगद 30000 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## चाकू-डंडा लेकर प्रार्थी को दौड़ाया सोशल मीडिया में वीड़ियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में दो दिन पहले वायरल हुई वीडियो जिसमें प्रार्थी को चाकू-डंडा लेकर मारने दौड़ाते देखा गया था। इस मामले में तीन लड़कों के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दो दिन पहले 8 नवंबर की रात्रि में तीन लड़कों द्वारा प्रार्थी संतोष तांडी को चाकू-डंडा लेकर दौड़ने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर 10 नवंबर को प्रार्थी संतोषी तांडी उम्र 28 साल निवासी टांकापारा को थाना तलब कर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115, 351 (2), 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी हेतु टीम गठित कर सूरज ठाकुर 35 साल निवासी डोंगाघाट, संजू मंडावी 27 साल निवासी बैगापार लखोली एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को 6 घंटे के भीतर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने अपराध घटित करना स्वीकार किए। आरोपियों के कब्जे से एक डंडा एवं एक लोहे का धारदार चाकू जब्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित कर आरोपियों को 10 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल राजनांदगांव एवं बाल संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## सुरक्षा गार्ड की भर्ती के लिए थानों में होगा पंजीयन शिविर

**खैरागढ़।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद, नई दिल्ली और एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्यों के लिए उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार देने का उद्देश्य है।

इसके लिए जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जागरूकता व पंजीयन शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। जिले में पंजीयन शिविर गातापार जंगल थाना परिसर मे 13 नवंबर को, बकरकट्टा थाना परिसर में 14 नवंबर, साल्हेवारा थाना परिसर में 15 नवंबर, गण्डई थाना परिसर में 16 नवंबर, छुईखदान थाना परिसर में 18 नवंबर, खैरागढ़ थाना परिसर में 19, ठेलकाडीह थाना परिसर में 20 और 21 नवंबर को मोहगांव थाना परिसर में सुबह साढ़े दस से शाम चार बजे तक किया जाएगा।

## राज्योत्सव पर संगीत विवि की प्रदर्शनी को मुख्यमंत्री ने सराहा

**खैरागढ़।** नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्योत्सव में इन्दिरा कला संगीत विवि के छात्रों की प्रदर्शनी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खूब सराहा। राज्योत्सव में 4 से 6 नवंबर तक प्रदेश के विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाया गया था जहॉ संगीत विवि की ओर से प्रतिनिधि के रूप में डॉ. विकास चंद्रा सहायक प्राध्यापक चित्रकला व डॉ. अजय पांडेय योग अनुदेशक को जिम्मेदारी दी गई थी जिनके साथ छात्र कलाकार गिरिश दास चित्रकला और पोंडियम रवि मूर्तिकला विभाग भी उक्त प्रदर्शनी में शामिल हुए थे। राज्योत्सव के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी विभागों के स्टाल का भ्रमण किया इस दौरान विवि के छात्रों ने मुख्यमंत्री को उनका पोर्ट्रेट भेंट किया जिसे देखकर वें काफी प्रसन्न हुए और उन्होंने छात्रों की इस कला की खूब सराहना की। इन्दिरा कला संगीत विवि के प्रदर्शनी में दर्शकों की भारी भीड़ रही। विभिन्न कलाओं के प्रदर्शन को देखने के लिए वीआईपी सहित अन्य प्रतिनिधियों की भीड़ रही। प्रदर्शनी के दौरान खास बात यह रही कि यहां पहुंचने वाले अधिकतर लोग छात्रों की कलाकृति से प्रभावित हुए और संगीत-कला के प्रति अपनी जिज्ञासा व्यक्त करते हुए सबसे ज्यादा संगीत-कला की शिक्षा लेने प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली।



## अधिवक्ता संघ को मिले पैसे को साहू संघ ने मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पूर्व सांसद द्वारा अधिवक्ता संघ के लिए स्वीकृत राशि को तहसील साहू समाज के लिए परिवर्तित करने की मांग से नाराज अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

संघ अध्यक्ष सुरेशसिंह ठाकुर, संदीप दास वैष्णव, घम्मन साहू, सर्वेश आसेवाल सहित अन्य ने कलेक्टर को बताया कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित अन्य व्यवस्था के लिए अधिवक्ता संघ को 10 लाख की स्वीकृति दी थी।

राशि नगर पालिका परिषद को मिल गई है, लेकिन हाईकोर्ट ने कुछ दिक्क्तों के चलते कक्ष निर्माण की स्वीकृति नही दी है जिसके कारण राशि नपा में है। गौरतलब है कि बीते दिनों साहू संघ के जिलाध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने सीएम विष्णुदेव साय को आवेदन प्रेषित कर उक्त राशि तहसील साहू संघ को देने का निवेदन किया है। यह जानकारी मिलने पर संघ ने आपत्ति जताते हुए कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि हाईकोर्ट से तकनीकी दिक्कत संबंधी समस्या निदान होने के बाद अधिवक्ता संघ द्वारा उक्त राशि से कक्ष का नवीनीकरण सहित पक्षकारो के लिए अन्य व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। संघ में सभी समाज के अधिवक्ताओं द्वारा विधिक व्यवसाय किया जाता है इसलिए उक्त राशि को तहसील साहू संघ का देने का निर्णय पूरी तरह से गलत होगा।

उन्होने साहू संघ जिलाध्यक्ष टीलेश्वर साहू के आवेदन को विधि विपरीत बताते हुए निरस्त करने और संघ के लिए स्वीकृत राशि को सुरक्षित रखने की मांग की है।

## सदस्यता अभियान में गंडई मंडल सबसे आगे



**गंडई पंडरिया।** भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान केसीजी जिले 6 मंडलों में चल रहा है। इस अभियान में खैरागढ़ ग्रामीण, खैरागढ़ शहर, छुईखदान, गंडई, पांडादाह मंडल में गंडई मंडल सबसे आगे है। प्रतिशत के लिहाज से देखा जाए तो सबसे आगे गंडई मंडल है जिसका प्रतिशत 29 है। वही सबसे कम खैरागढ़ ग्रामीण मंडल है जिसका प्रतिशत 8.1 है। बताया जाता है कि संगठन चुनाव में वही पदाधिकारी पर्चा भर सकेंगे जो सक्रिय सदस्य होंगे। आगामी माह संगठन चुनाव होना है। संगठन के चुनाव को देखते हुए जल्द ही सभी मंडलों में चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक कार्यकर्ता को एक बूथ में 50 सदस्य बनाना है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और अन्य पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे। बताया जाता है कि गंडई मंडल के प्राथमिक सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की मुहिम शुरू कर दी है। इस अभियान की शुरुआत 3 सितंबर को हुई थी जो 15 नवंबर तक चलेगा। जानकारी के अनुसार गंडई मंडल के 11 शक्ति केंद्र के 56 बूथों में 137 सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं जिनके अधीन 6850 प्राथमिक सदस्य हैं।

## आज निकलेगी भव्य निशान यात्रा

**राजनांदगांव।** खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर आयोजित चार दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन कल 11 नवंबर को भव्य निशान यात्रा रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से प्रारंभ होगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति एवं युवा शक्ति द्वारा अपने हाथों में धर्म ध्वजा निशान उठाए जाएंगे। निशान यात्रा शाम 5 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर जीई रोड रायपुर नाका पहुंचेगी।

श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल, योगेश लोहिया, संतोष बावरिया, दीप्ति ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रीति शंकर खंडेलवाल, अनिका श्याम अग्रवाल एवं श्वेता संतोष पुरोहित के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय जन्मोत्सव के प्रथम दिवस 10 नवंबर को श्याम नाम की मेहंदी सैकड़ों माता-बहनों एवं बंधुओ ने अपने हाथ में रचवाकर श्याम प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

कल 11 नवंबर को श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा श्री श्याम कुटी रामाधीन मार्ग से प्रारंभ होकर श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन होते भारत माता चौक, तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग, जीई रोड होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। यहां भक्तों द्वारा उठाए गए निशान श्याम प्रभु को समर्पित किया जाएगा। निशान यात्रा में श्याम प्रभु की विशेष अलौकिक दर्शनीय झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

इस निशान यात्रा का विशेष आकर्षण कोलकाता के रसिया ग्रुप चंग धमाल का होगा, जो नगर में पहली बार प्रदर्शित हो रहा है। चंग धमाल की मस्ती में श्रद्धालु भक्त माता-बहनें एवं बंधुगण हाथों में धर्म ध्वजा लहराते नृत्य करते निशान यात्रा में शामिल होंगे।

## गोपाष्टमी पर गौमाता को खिलाया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोपाष्टमी के अवसर पर गौशाला पिंजरा पोल में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति एवं झंकार दादी मंडल द्वारा गोपाष्टमी का पर्व काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव भी उपस्थित थे।

गोपाष्टमी के अवसर पर गौमाता की पूजा-अर्चना के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा शहर के गौशाला पिंजरापोल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सब्जियों की रंगोली बनाई और विधि-विधान से गौमाता की पूजा-अर्चना करते गौमाता को छप्पन भोग खिलाया। आयोजन को लेकर मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष अनीता लोहिया एवं सचिव मोना अग्रवाल ने बताया कि आयोजन में सभी समाज की महिला मंडल की महिलाएं शामिल हुई है।

गोपाष्टमी आयोजन के दौरान गौमाता को छप्पन भोग लगाने के साथ ही भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करते भजन गायन किया।

### गौमाता की पूजा का महत्व

कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौ-चारण लीला आरंभ की थी। इस दिन गौमाता की पूजा का विशेष महत्व है। गौशाला पिंजरा पोल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, शारदा तिवारी, अनीता लोहिया, मोना अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## मुस्लिम फेडरेशन ने की कार्यों की समीक्षा

# बैठक में शैक्षिक विकास पर बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन की शैक्षिक कार्ययोजना निर्माण को लेकर हुई जहॉ पूर्व मे संपादित कार्यों की समीक्षा की गई।

पिपरिया वार्ड में आयोजित शैक्षिक काउन्सलिंग का विश्लेषण, आगामी कार्ययोजना, फेडरेशन के सशक्तिकरण, अवकाश दिवस में आयोजन जैसे अन्य विषयों पर आवश्यक चर्चा व सुझाव बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यकारिणी व सलाहकार मंडल सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में अध्यक्ष डॉ. मकसूद अहमद ने पिपरिया के भारतमाता स्कूल सहित अन्य शासकीय व निजी शालाओं में अध्ययनरत मुहल्ले के विद्यार्थियों और उनके पालकों के लिए आयोजित स्टूडेंट्स पेरेंट्स काउन्सलिंग का विश्लेषण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें यह पता चला कि समाज की बालिकाएं व्यावसायिक और उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रही है लेकिन ज्यादातर बालक बारहवीं के बाद ड्रॉप आउट्स हो रहे है। यह बात भी सामने आई कि पालकों में पिता स्वरोजगार अथवा व्यवसाय से आर्थिक अर्जन करके परिवार चला रहे है परन्तु महिलाएं गृहणी अथवा घरेलू कार्य के अलावा कोई विशेष रोजगार या आय का स्त्रोत नही बना पाई है। इस पर उपस्थित सदस्यों ने उपयोगी सुझाव देकर प्रतिवेदन को साझा करने सहित शैक्षिक कार्ययोजना निर्माण में विशेष सहयोग किया।



### प्रशिक्षण और रोजगार उन्मुखीकरण पर दिया बल

बैठक में सलाहकार शमसुल होदा खान और नाजनीन नियाजी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर गृह स्वरोजगार प्रशिक्षण और शासन की महिला उन्मुखीकरण योजनाओं पर, कय्यूम कुरैशी ने सदस्यों के सहयोग से संगठन के आत्मनिर्भर और मजबूती पर, जहीन खान ने शासन की विद्यालक्ष्मी शिक्षा ऋण योजना के प्रचार प्रसार से जरुरतमंद युवाओं के शैक्षिक मार्गदर्शन का सुझाव दिया। सिराज खान व शेख कलीम खान ने जागरूकता और शैक्षिक कार्यक्रमों का जिला स्तरीय विस्तार का प्रस्ताव दिया। सुझाव दिया। अधिवक्ता गजाला खान ने विभिन्न स्थलों पर बैठक आयोजन और उनके द्वारा विधिक सेवा में समाज के जरूरतमंदों को रियायत का प्रस्ताव दिया गया।

## तीन मतदान केंद्र बढ़े विस में, पहले 283 अब 286

**खैरागढ़।** जिले में जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य तहत मिले दावा आपत्तियों की जानकारी राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित कर दी गई। एसडीएम सभागार में आयोजित बैठक में एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि जिले में स्थापित खैरागढ़ विधानसभा के 286 और आंशिक डोंगरगढ़ विधानसभा के 97 मतदान केन्द्रों में जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 1 जनवरी 25 तक चल रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ व अभिहित अधिकारियों द्वारा दावा आपत्ति लेने 28 नवंबर तक कारवाई जारी है। विशेष शिविर का आयोजन 16 व 17 नवंबर को प्रत्येक मतदान केन्द्रों में होना है। प्राप्त दावा का निराकरण 24 दिसंबर तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को एक सप्ताह में मिले दावा आपत्ति की प्रतिलिपि दी गई। उन्होने बताया कि जिले में तीन नए मतदान केन्द्र बनाने के बाद अब विस में पिछले बार 283 की जगह अब 286 मतदान केन्द्र हो जाएंगे। बैठक में सुशील रत्नाकर, रविन्द्र सिंह गहरवार,मनोज गुप्ता सहित कई राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### छोटे दादा ने किया दर्शन

**डोंगरगढ़।** गुरु महाराज छोटे दादा नवसारी गुजरात ने मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर ट्रस्ट कमेटी को उपहार दिया।



आवश्यकता है
ड्रायवर 1 पद
-: वेतन :-
योग्यता अनुसार
संपर्क करें
मो. 8889199959

## सार समाचार

### शहर में निकाली जन जागरूकता रैली

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जनजागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उक्त रैली व नुक्कड़ नाटक का




आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली का आयोजन किया गया।
रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जनजागरूकता के लिए विभिन्न नारे लगाए गए। मानव मंदिर चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य यातायात सड़क सुरक्षा नियमों व सड़क दुर्घटनाओं से बचने का संदेश दिया गया, ताकि लोगों को सड़क दुर्घटना में होने वाले हानि से बचा जा सके।
कार्यक्रम में ललिता साहू, तारणी साहू, शालिनी सोनी, चित्रांशा राठौर, दीपक कुमार, खिलेंद्र साहू, भागवत वर्मा, विनोद, विभा साहू, कुसुम साहू समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### कुलबीर राजनीति के कच्चे खिलाड़ी - गोलछा

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के पार्षद से लेकर महापौर, विधायक और सांसद पद तक के दावेदार रहने वाले कुलबीर सिंह छाबड़ा आज तक राजनीति



के कच्चे खिलाड़ी बने हुए हैं। उनकी सोच और समझ की संकीर्णता यह बताती है कि वह बार-बार असफल क्यों होते रहे हैं। यह बात भाजपा नेता राजेंद्र गोलछा ने कही है।
जिला भाजपा के महामंत्री राजेंद्र गोलछा वरिष्ठ पार्षद एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा हलिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. रमन सिंह को बदनाम करने के कुत्सित प्रयास पर करारा पलटवार किया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डॉ. रमन सिंह को डॉक्टर आदि की व्यवस्था नहीं कर पाने के लिए आरोप लगाया है, जो कि गलत है।

### आगे बढ़ने शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एलुमिनी बैठक प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।
जिसमें भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण के दौरान महाविद्यालय के



अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि विभाग में सभी प्राध्यापकों द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ तथा पढ़ाई के दौरान आने वाली कठिनाइयों का प्राध्यापकों द्वारा निराकरण किया गया। पूर्व छात्रों ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने जिस प्रकार पलकों की भूमिका होती है, उसी प्रकार शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। पूर्व छात्रों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में विभाग में जो भी कार्यक्रम होंगे, उसमें वे भरपूर सहयोग करेंगे।
बैठक में भूतपूर्व छात्र-छात्रा डॉ. दुर्गा शर्मा, गीतांजलि साहू, उन्नति जैन, पूजा साहू, गुणवंत सिंह ठाकुर आदि समेत डॉ. राजकुमार बंजारे व दीपक कुमार उपस्थित थे। बैठक को विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर द्वारा संबोधित किया गया तथा संचालन संजय सप्तर्षि, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमिता बक्शी द्वारा किया गया।

### धार्मिक माहौल में मनायी गई सहस्त्रबाहु जयंती

**राजनांदगांव।** सहस्त्रबाहु जयंती हैह्यवंशी ताम्रकार समाज द्वारा धार्मिक वातावरण में मनाया गया। 8 नवंबर को गायत्री कालोनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष सुशील ताम्रकार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष सुलोचना ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सारंग ताम्रकार द्वारा किया गया।

### छठ पूजा में शामिल हुए पूर्व सांसद यादव

**राजनांदगांव।** छठ पर्व के अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने नया बस स्टैंड स्थित मोती तालाब में पहुंचकर छठी मैया की पूजा-अर्चना की और सूर्यदेव को जल अर्पित किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को छठ पर्व की बधाई दी और सनातन धर्म में इस पर्व के महत्व को भी साझा किया।
छठ पर्व सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो मुख्य रूप से सूर्य देवता और छठी मैया की उपासना के लिए मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश के कई हिस्सों में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। छठ पूजा में व्रती महिलाएं और पुरूष नदियों, तालाबों या जलाशयों के किनारे खड़े होकर उगते और डूबते सूर्य को अर्ध्य अर्पित करते हैं। ऐसा माना जाता है कि सूर्य देवता और छठी मैया की पूजा करने से भक्तों को स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और संतान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। छठ पर्व के इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपनी उपस्थिति से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

### सिंघोला सरपंच सम्मानित

**राजनांदगांव।** ग्राम सिंघोला मां लक्ष्मी युवा उत्सव समिति शक्ति चौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बीते दिनों ग्राम सिंघोला में छत्तीसगढ़ी



सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा दुर्ग की शानदार प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम संचालक एवं गायक दुष्यंत हरमुख एवं रिंकी देवांगन की आवाज ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक समिति द्वारा रंग झरोखा के संचालक एवं गायक दुष्यंत हरमुख एवं सिंघोला सरपंच मुकेश कुमार साहू, उपसरपंच मोतीलाल साहू को पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।
इस दौरान आयोजक समिति के खूबलाल, पुष्पेंद्र, राकेश, रेखराम, लेखराम, नम्मूलाल, डोमार, रोशन, अनिल, विनय, बृजेश देवांगन, मितेश, राजकुमार, भूपेंद्र, माखन, मनीष, दिनेश, कमलेश, भागीरथी, यशवंत, त्रिलोक चंद्र, तामेश्वर, जितेश्वर, रवि, दुलेश्वर, जितेंद्र यादव, मोहर सिंह, किशन, युवराज, गिरधारी, तेजराम, विजय, सुनील, चुरेंद्र, पंकज, समीर, हरीश साहू सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## आयुक्त ने ली मवेशी मालिकों की बैठक

# गोकुल नगरः भूमि का उपयोग नहीं करने पर निरस्त होगा अब आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटना को ध्यान में रखते नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने गोकुल नगर के मवेशी मालिकों व डेयरी संचालकों की बैठक लेकर मवेशी खुला नहीं छोड़ने एवं डेयरी व्यवसाय शहर के बाहर करने की अपील की है।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शहर में बढ़ते दुर्घटना को ध्यान में रखते उच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य सचिव द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार गोकुल नगरवासियों की बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि गोकुल नगर में जिन्हें भूमि आबंटित की गई है वे गोकुल नगर में ही मवेशी बांधकर रखे, शहर में खुला न छोड़े और वे गोकुल नगर में ही डेयरी संचालित करें। साथ ही गोकुल नगर में जिनकी भूमि है और वे शहर में डेयरी का व्यवसाय कर रहे हैं, वे शहर का व्यवसाय बंद कर गोकुल नगर में आबंटित भूमि में व्यवसाय करें। जिससे शहर में मवेशी नहीं बैठेंगे और दुर्घटना से निजात मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जिनके द्वारा गोकुल नगर में भूमि आबंटन के बाद भी उसका उपयोग नहीं कर रहे हैं, उसकी भूमि का आबंटन निरस्त कर दिया जाएगा। बैठक में जो मवेशी मालिक उपस्थित नहीं है उन्हें भी अवगत करावे।



### लगातार हो रही दुर्घटनाएं

आयुक्त ने कहा कि कुछ डेयरी व्यवसायियों द्वारा शहर के अंदर डेयरी का व्यवसाय करते हैं एवं मवेशी भी शहर में रखते हैं। जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ मवेशियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिसे उच्च न्यायालय ने भी संज्ञान में लिया है।

### गांव के लोग छोड़ रहे मवेशी

गोकुल नगरवासियों ने कहा कि हमारे द्वारा मवेशी नहीं छोड़ा जाता, गांव के लोग मवेशी लाकर छोड़ देते हैं। उन्होंने दुर्घटना से बचने सहयोग का आश्वासन देते कहा कि अपने साथियों को भी इस संबंध में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने गोकुल नगर की समस्या अंतर्गत तालाब की सफाई, नाली व रोड की सफाई, बंद लाईटे चालू कराने के अलावा अस्पताल चालू करने की मांग रखी,।

### 31 दिसंबर तक संपत्ति कर का भुगतान पर मिलेगी 4 प्रतिशत की छूट

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए नगर निगम सुनियोजित आभियान चला रही है। राजस्व वसूली के लिए निगम का राजस्व अमला घर-घर जाकर संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर की वसूली करने के अलावा निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में भी करो का भुगतान हेतु राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहते हैं। करदाताओं की सुविधा के लिए दिसंबर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जाएगा।
इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा दिसंबर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छूट का लाभ देने का प्रावधान है, जिसे ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर राजस्व वसूली करने के अलावा राजस्व कार्यालय में करदाताओं से करो की राशि ली जा रही है, ताकि उन्हें दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छूट का लाभ मिल सके।
आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चलाकर राजस्व वसूली की जा रही है। जिसके लिए घर-घर वसूली के अलावा बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी प्रकार दुकान किराये की वसूली के लिए भी बड़े बकायेदारों को नोटिस दी जा रही है।

### युवा जागृति मंच ने मनाया गोपाष्टमी पर्व

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के युवाओं ने शनिवार को गोपाष्टमी पर्व पर गौ



माताओं की पूजा-अर्चना की।
युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि आज मंच के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर गौमाता की पूजा-अर्चना कर गौमाता को ग्रास और रोटी तथा गुड खिलाई गई। गोपाष्टमी के दिन गौमाता का विशेष पूजन भी किया गया। स्कंद पुराण के अनुसार गौमाता में सर्व तीर्थों और सर्व देवताओं का निवास बताया गया है कि देशी गाय के दर्शन से पवित्रता आती है, पापो का नाश होता है, गाय की चरण रज का तिलक करने से भाग्य की रेखा बदल जाती है, गाय की परिक्रमा करने से मनोकामना सिद्धि होती है, धन स्थिर होता है तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, गौरव मंत्री, भारत देवांगन, हरीश साहू, ललित आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला सह-संयोजक आदित्य पराते ने दी।

# गाय को राज्य माता घोषित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शनिवार को गोपाष्टमी पर्व पर संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार राजनांदगांव द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार राकेश कुमार नागवंशी को सौंपा गया। ज्ञापन में देशी गाय माता को राज्य माता घोषित करने समिति द्वारा निवेदन किया गया है।



सनातन धर्म सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि गौ, गीता और गंगा देश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक पहचान है। गौ पालन एवं गौ सेवा के लिए छत्तीसगढ़ का देश में प्रमुख स्थान है। यहां गांव में लगभग सभी घरों में गौ पालन किया जाता है। गौमाता का आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व के साथ हमारे प्रदेश में गौपालन से कई परिवारों का निरंतर पीढी दर पीढ़ी पालन पोषण होता आ रहा है। गौमाता हमारे प्रदेश की जीवन रेखा है। इनके उत्थान, संरक्षण एवं देखभाल को विशेष आवश्यकता है। बिना गौमाता के छत्तीसगढ़ प्रदेश की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज हर गांव और शहर व कस्बे में गौठान बनाया गया है। आज गोपाष्टमी का पावन पर्व है।

विदित हो कि पूर्व में महाराष्ट्र शासन द्वारा गौमाता को राज्य माता घोषित कर प्रथम राज्य होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। राकेश ठाकुर ने छत्तीसगढ़ सरकार से अपील की है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा देशी गाय माता को राज्य माता घोषित करे। ज्ञापन सौंपने वालों में जयनारायण सिंह, महाकाल समिति प्रमुख राजू डागा, अमलेन्दु हाजरा अधिवक्ता, पंकज गुप्ता अधिवक्ता, समाजसेवी राकेश इन्दूभूषण ठाकुर, समाजसेवी अमित खंडेलवाल, जीवन मानिकपुरी एवं अन्य सनातन धर्मप्रेमीगण उपस्थित थे।

# युवक की हत्या, फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। इस मामले में पूर्व में भी अन्य आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

चौकी चिखली क्षेत्र अंतर्गत प्रकरण में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 11 मार्च को उसका लड़का किशन साहू उर्फ झिल्ली को काई तालाब के पास रोहित, हरसु, अम्मु यादव, विन्नु तलकाई व अन्य दो-तीन लोग मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते जान से मारने के लिए चाकू, हॉकी स्टीक, डंडा से घेरकर मारपीट किए। चाकू से सीना, पेट, पीठ पर प्राणघातक चोंट लगने से ईलाज हेतु भर्ती किए थे, जहां उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर धारा 302, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामले में आरोपी अमित यादव, हर्षु बघेल, रोहित मंडावी, मानव कन्हैया, इमरान हुसैन, संजय पटेल को गिरप्तार कर लिया गया था एवं प्रकरण में विधिवत धारा 323, 506, 147, 148, 149, 307 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई है।

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

मुख्य आरोपी फरार था। जिसकी पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। पुलिस को 9 नवंबर को मुखबीर



से सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी विनय उर्फ बिन्नु तलकाई टाउन में लुका-छिपा घूम रहे हैं। इस सूचना पर लगातार पीछा कर दबिश दिया गया। आरोपी को स्टेशनपारा 16 खोली में घेराबंदी कर पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी विनय उर्फ बिन्नु तलकाई पिता उदय तलकाई 24 साल साकिन स्टेशनपारा 16 खोली पुलिस चौकी चिखली द्वारा घटना घटित करना स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त एक नग चाकू को जब्त कराया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### साहू समाज ने की दामाखेड़ा घटना की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कबीर पंथ के गुरू वंशाचार्य प्रकाशमुनि नाम साहेब के आश्रम में असामाजिक तत्वो द्वारा की गई अशोभनीय घटना की तहसील साहू संघ ने निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तहसील स्तरीय बैठक में नवोदित वंशाचार्य पंथ उदितमुनि नाम साहेब के साथ गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार तथा आश्रम में बलात प्रवेश करने की कोशिश को गंभीर अपराध मानते हुए प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग समाज ने की है। बैठक में अध्यक्ष हेमंत साहू, संरक्षक अमरनाथ साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, डा प्रेमदास साहू, मूलचंद साहू, सुंदरलाल साहू, दौवाराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, हिरदेराम साहू, राधेश्याम साहू, प्यारेलाल साहू, गोवर्धन साहू, सीएल हिरवानी, कौशल कुमार साहू, पूर्णिमा साहू, उमाबाई साहू आदि उपस्थित थे।

### यादव समाज ने किया पदाधिकारियों का सम्मान



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व मोहल्ला-मानपुर-चौकी के तहसील-डोंगरगांव झेरिया यादव समाज के लिए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जिला भाजपा महामंत्री संतोष यादव के सहयोग से डोंगरगांव तहसील झेरिया यादव समाज सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख 13 हजार रुपए प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने पर जिला झेरिया यादव समाज राजनांदगांव के पदाधिकारियों द्वारा सभी का सम्मान करते आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिलाध्यक्ष ज्योतिषराम यादव, संरक्षक जीआर अहीर, अध्यक्ष परिक्षेत्र डोंगरगांव पन्नालाल यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव कौशल यादव, कोषाध्यक्ष गुरुदेव यादव, कार्यकारिणी सदस्य मदन यादव व सतीश यादव समेत बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ 13 से

**राजनांदगांव।** भगवान श्रीराम के वंशज सूर्यवंशी भगवान श्री अग्रसेन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग सीजन -6 का भव्य शुभारंभ आगामी 13 नवंबर को होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते प्रचार-प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में राजनांदगांव के सनग्रुप के रचित शशांक अग्रवाल प्रमुख प्रायोजक बनाए गए हैं। अग्रसेन प्रीमियर लीग सीजन -6 में कुल 6 टीम भाग लेगी। जिसमें 66 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में गोयल दाल मिल, श्रीराम इंड्रीज, श्री राधे मिन्लस, सुरेश ब्रदर्स, अपना मार्ट, फर्स्टक्रा इन्टेटुल्स शामिल हैं। अतुल अनुराग, सीए विनोद एवं अर्चित अग्रवाल ने बताया कि दुधिया रोशनी में खेले जाने वाला यह खेल 13 से 17 नवंबर तक शिवनाथ वाटिका में 5 दिवसीय आयोजन किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक
4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
24 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 [+ 5% GST ]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

एजेंसी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के अंतर्गत मोहला में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069
9425565082
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468

स्वामी जी
93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
14 नवंबर 2024
22 दिसंबर 2024
20 जनवरी 2025
23 फरवरी 2025
27 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

**खबर संक्षेप**

## अपराधियों के खिलाफ लोहारा पुलिस टीम की प्रभावी कार्रवाई

**हरिभूमि स/लोहारा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने शनिवार को दो गुमशुदा बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाया। जिस पर थाना प्रभारी लालमन साव के नेतृत्व में थाना सहसपुर लोहारा में गुमशुदा बालकों-बालिकाओं के मामलों की संघन निगरानी की गई।

गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों का गठनकर संभावित स्थानों पर जांच-पड़ताल की गई। पुलिस द्वारा उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए गुमशुदा बालक-बालिका के मामलों में त्वरित कार्यवाही की गई, जिससे गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके परिवारों तक पहुंचाया जा सकें। गुम इंसान क्रमांक 26/24 और अपराध क्रमांक 125/24 के तहत एक नाबालिक बच्ची को बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जबकि गुम इंसान क्रमांक 27/24 के तहत एक और गुमशुदा बच्चे को बरामद कर उसका पुनः मिलान किया गया।

आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस द्वारा की गई। इस कार्यवाही पर बच्चों के परिजनों ने थाना सहसपुर लोहारा पुलिस का आभार व्यक्त किया और पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना की गई।

### कुण्ड में श्रद्धालुओं ने दी उगते सूरज को अर्घ्य

# भोरमदेव शक्कर कारखाना कॉलोनी में मना छठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

लोक आस्था का पर्व छठ पूजा में 36 घंटे निर्जला व्रत रख सूर्य देव और छठी मैय्या की पूजा किया वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में छठ पर्व को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह दिखा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरमदेव शक्कर कारखाना की कॉलोनी में कृत्रिम कुंड बनाकर तैयार है, यहीं पर श्रद्धालु अर्ध्य दिया। मान्यता है छठ पूजा करने से हर मनोकामना पूर्ण होती हैं।

खासकर इस व्रत को संतानों के लिए रखा जाता है कहते हैं जो लोग संतान सुख से वंचित हैं, उनके लिए ये व्रत वरदान साबित होता है। कवर्धा जिले के भोरमदेव शक्कर कारखाने में इस पर्व कोई तालाब किनारे, तो कोई नदी किनारे, तो कोई छत पर तो कोई आंगन में तो कोई कुंड में पानी भरकर और उसी में खड़े होकर पहले दिन अस्त होते और दूसरे दिन उगते सूर्य को अर्ध्य दिया। वहीं महिलाओं में भारी उत्साह व उमंग के साथ व्रत की गई।





**छठ पूजा के लिए विशेष सामग्री**

भोरमदेव शक्कर कारखाना में छठ पर्व आस्था के साथ मनाया गया कुंड बनाकर व्रतधारी महिला ने कुण्ड में एकत्रित होकर सुबह उगते हुए सूरज को अर्ध्य देकर पूजा अर्चना की गई कुण्ड की पानी में उतरकर सूर्य देव को जल देते हुए प्रणाम किया। यूपी बिहार प्रान्त के लोगों ने छठ पर्व को भोरमदेव शुगर फैक्ट्री में धूमधाम से मनाया है कि नए वस्त्र, बांस की दो बड़ी टोकरी या सूप, थाली, पत्ते लगे गन्ने, बांस या फिर पीतल के सूप, दूध, जल, गिलास, चांवल, सिंदूर, दीपक, धूप, लोटा, पानी वाला नारियल, अदरक का हरा पौधा, नाशपाती, शकरकंदी, हल्दी, मूली, मीठा नींबू, शरीफा, केला, कुमकुम, चंदन, सुथनी, पान, सुपारी, शहद, अगरबत्ती व धूप बत्ती, कपूर, मिठाई, गुड़ चावल का आटा गेहूं के लिए मेवा मिष्ठान अर्पित किया।

# अनिकेत ठाकुर का प्रथम प्रयास में सब इंस्पेक्टर पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर के प्रतिष्ठित तथा जिले का प्रथम आंग्ल माध्यम विद्यालय होली किंगडम स्कूल के होनहार प्रतिभाशाली विद्यार्थी अनिकेत सिंह ठाकुर का प्रथम प्रयास में ही छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के सब इंस्पेक्टर पद में चयन हुआ।

अनिकेत सिंह के चयन पर उनके परिवार एवं विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे शहर में हर्षोल्लास का माहौल व्याप्त हैं, उन्हें उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाओं ताता लगा हुआ हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिकेत सिंह ठाकुर की प्रारंभिक विद्यालयन अध्यापन कार्य नर्सरी से कक्षा 12वीं तक नगर के होली किंगडम स्कूल में हुई, अध्यापन काल से ही प्रतिभावान विद्यार्थी के रूप में पुलिस प्रशासन विभाग में विशिष्ट अभिरुचि रखने के कारण ही महाविद्यालय में बीए अध्यापन कार्य के बाद से ही अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पाने का अथक परिश्रम एवं प्रयास का परिणाम है कि वह इस पद पर चयनित हुए। अनिकेत सिंह ठाकुर ने बताया कि उनका परिवार एक सामान्य मध्यम परिवार है, जहां उन्हें उनके माता-पिता श्रीमती सरस्वती जितेंन्द्र ठाकुर का प्रोत्साहन मिला। उन्होंने बताया कि वे बचपन से ही खेल, व्यायाम, मैदान की प्रत्येक गतिविधियों से जुड़े रहे, जिसका परिणाम है कि पुलिस चयन परीक्षा के हर स्तर में बेहतर परिणाम ला पाएं, इसमें खेल प्रशिक्षक एवं उनके मित्र व परिवार सदस्यों का साथ मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण रहा। उन्होने बताया कि प्रेरणा का प्रमुख स्रोत विद्यालय के निर्देशक तथा प्राचार्य पास्टर जोश थॉमस एवं सह-निर्देशिका लिजी थॉमस का विशेष मार्गदर्शन मिला। वहीं दूसरी ओर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है, जिस पर प्राचार्य जोश थॉमस एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने अनिकेत को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आदित्य वाहिनी ने गोपाष्टमी पर गो-संगोष्ठी का किया आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** धर्मसंघ पीठपरिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी के तत्वावधान में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सुबह जिला पशु चिकित्सालय में सेवा व दोपहर में नगर में घुमंतू गौवंश को हरा चारा खिलाया गया तथा स्थानीय मां गंगाई मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ गो-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदित्य वाहिनी प्रांतीय उपाध्यक्ष अवधेशनंदन श्रीवास्तव वृंदावन से पधारे प्रशांत मिश्रा, गोपी शर्मा एवं डॉ विनय मिश्रा ने गो-संगोष्ठी में अपना भाव रखा। प्रशांत मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व से प्रारंभ गौ रक्षा आंदोलन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, उन्होंने बताया कि धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री महाराज स्वतंत्र भारत के पहले बंदी थे, उन्होंने भारत की आजादी के पहले से गौ-रक्षा का आंदोलन प्रारंभ किया था जो माह नवंबर 1966 तक चला। प्रशांत मिश्रा ने विभिन्न ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रंथों एवं अन्य दिव्य रचनाओं का व्याख्या करते हुए गौ रक्षा के संदेश से अवगत कराया। आदित्यवाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन के दौरान बताया कि पृथ्वी को धारण करने वाले सात तत्वों में एक गौ-माता भी है आज उन सभी सात तत्वों का तेजी से लोप हो रहा है जो चिंता का विषय है गौ माता के गोमय (गोबर), गोमूत्र तथा पंचगव्य की महिमा उन्होंने प्रस्तुत की। गौ-माता की रक्षा के साथ-साथ समस्त सनातन मान बिंदुओं की रक्षा के लिए श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग द्वारा प्रारंभ किए गए हिंदू राष्ट्र अभियान एवं आदित्यवाहिनी कवर्धा के घर-घर साप्ताहिक हनुमान चालीसा प्रकल्प में सभी को जुड़ने का आह्वाहन किया। गोपी शर्मा ने अपने उद्बोधन में पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए गौ माता की महिमा का वर्णन किया, वही डॉ विनय मिश्रा ने गौ रक्षा हेतु किए जाने वाले उपाय तथा बीमारियों व विषम परिस्थितियों से किस प्रकार उन्हें बचाया जा सकता है, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। आदित्यवाहिनी के द्वारा डॉ विनय मिश्रा का गौ रक्षा में उनके योगदान को देखते हुए सम्मान किया गया साथ ही साथ हनुमंत सेवा संस्थान एवं बाल हनुमंत सेवा संस्थान का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन बृजभूषण वर्मा एवं सुरेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी, नगरवासी तथा आदित्यवाहिनी के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# आंवला नवमीं पर विधि विधान से की गई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, धनेली, भगतपुर, बसनी, मोहतरा, कंझेटा, अमलीमालगी, पेण्ड्रीकला, घोरपेण्ड्री सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आंवला नवमी पर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया, सनातन धर्म में आंवला नवमी का विशेष महत्व है। इस दिन आंवला वृक्ष का पूजन और दान करने से मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंवला नवमी के दिन ओंम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करना विशेष फलदायी माना गया है, इस मंत्र का जाप करते हुए आंवला वृक्ष की परिक्रमा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सौभाग्य की वृद्धि होती है। नारद पुराण के अनुसार जो भी प्राणी अक्षय नवमी को जप, दान, ब्राह्मण पूजन और होम हवन करता है, उसका वह सब कुछ अक्षय होता है, ऐसा ब्रह्माजी का कथन है। धार्मिक मान्यता के अनुसार कुछ चीजों का दान करने से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है।

**आंवला वृक्ष पूजन का विशेष महत्व**

धार्मिक मान्यता है कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है, इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं अर्थात इनका कभी क्षय नहीं होता हैं। भविष्य, स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी व आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर खाना खाया जाता है। ऐसा करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती हैं। इस दिन किया गया तप, जप, दान इत्यादि व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है तथा सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है।

# आरपीएस स्कूल में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में सह शैक्षिक गतिविधियों की श्रृंखला में शनिवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1लीं से 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं अपनी सृजनात्मकता को बखूबी प्रदर्शित किया। छात्र छात्राओं द्वारा घर में पड़े अनावश्यक समान को उत्तम तरीके से उपयोग में लाते हुए वॉल हैंगर, पेन होल्डर, पेंसिल स्टेंड, खिलौने, ढोलक, फोटो फ्रेम, फूल दान, गुलदस्ते एवं वर्किंग मोटर का इस्तेमाल करते हुए पंखा भी बनाया। इस प्रकार विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग में वेद सोनी प्रथम, आराध्या द्वितीय तथा जागृति साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में अवनी झारिया, प्रिसीं ने प्रथम, जेसिका बृगेन्जा व चर्चित साहू द्वितीय एवं अरसी व निधि भट्ट तथा डिम्पल परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1लीं से 2रीं में विहान तिवारी प्रथम, गिरीश चैहान व निवान ठाकुर ने द्वितीय एवं अदिश नाथ योगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें, विद्यार्थियों द्वारा निर्मित व्यर्थ वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करती है और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।



**केसली गोड़ान में कक्षा सजावट प्रतियोगिता आयोजित**

**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केसली गोड़ान में कक्षा सजावट प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। वहीं छात्र छात्राओं की सृजनात्मकता व कलात्मकता का अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य हुकुम सिंह धुर्वे, शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष रमेशिया पटेल सहित गणमान्य नागरिक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**मकान किराये से देना/बेचना है**

शहर के मध्य सर्व सुविधा युक्त/आंगन युक्त मकान शीतला वार्ड, कवर्धा शहर मे बड़े परिवार हेतु किराये से देना है/ बेचना है। (मकान नजूल से फ्री होल्ड है) शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता

मो. 7898902030

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## विकास व जनसेवा का दूसरा नाम भावना बोहराः सूरज यादव



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र को एक ऐसा विधायक मिला है जो विकास एवं जन सेवा के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्ध है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के इतिहास में पहली बार क्षेत्र में चमुखी विकास और आवाम की सेवा विधायक श्रीमती भावना बोहरा है। उक्त जानकारी भाजपा सक्रिय सदस्य सूरज यादव ने कहा कि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विधायक बनने से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहते हुए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा, स्कूली छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा संचालित की थी एवं क्षेत्र की गरीब तबके के लोगों को हरसंभव मदद करने की कार्य की है। विधायक बनने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति प्रदान की हैं। सूरज यादव ने कहा विधायक ने नगर पंचायत पाण्डातराई, इंदौरी एवं नगर पंडरिया को करोड़ों रूपए की विकास कार्यों की सौगात दी है, वही विगत पांच वर्षो से जर्जर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 50 पहुंच मार्ग की नवीनीकरण एवं नए निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान शासन से करवा कर जनता को सुगम आवागम हेतु सुविधा उपलब्ध कराने की प्रयास की। श्री यादव ने कहा विधायक के अथक प्रयास से लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना अंतर्गत किसानों का 19 मार्च से 4 अप्रैल 2024 तक 1549 किसानों का 7,57,23,682 रुपए बकाया राशि का पूर्ण भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि विधायक के अथक प्रयास से ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में विगत पांच वर्षो से बंद सरदार वल्लभ भाई सहकारी शक्कर कारखाना के शेयर धारक गन्ना किसानों को रियायती दाम में 50 किलो शक्कर वितरण को पुनः प्रारंभ हुई, भाजपा कार्यकर्ता सूरज यादव ने कहा श्रीमती बोहरा के निरंतर प्रयास से ही क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में समग्र शिक्षा अभियान के तहत शाला भवन निर्माण हेतु 105.37 लाख एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 112.98 लाख रुपए की स्वीकृति शासन ने प्रदान साथ ही साथ क्षेत्र की वनांचल में हुए हादसे के 19 परिवार के 24 बच्चों को गोद में लेकर उनके उच्च शिक्षा एवं उनके विवाह तक का जिम्मा उठाकर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ये साबित कर दिया कि भाजपा सरकार व विधायक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विकास एवं जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

### जल संरक्षण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

# जल उत्सव पर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में आकांक्षी विकासखंड बोड़ला ग्राम सिंघारी में जल उत्सव के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष लघु दूरी हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में न केवल हाई स्कूल व हायर सेकेंण्डरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षक भी बड़ी उत्सुकता से इस दौड़ में शामिल हुए। यह आयोजन जल संरक्षण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बोड़ला कई अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विकासखंड बोड़ला उप अभियंता टोमन लाल कुंजम, सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर तथा अन्य कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और सभी को जल के महत्व के प्रति जन जागरूक किया। यह आयोजन कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के डीएस राजपूत के मार्गदर्शन में किया गया, इस हाफ मैराथन दौड़ का उद्देश्य युवाओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना और समाज में पानी के महत्व को लेकर संवेदनशीलता बढ़ाना था।

दौड़ के माध्यम से छात्र छात्राओं और उपस्थित सभी लोगों में जल संरक्षण के प्रति एक नया जोश और संकल्प देखा गया। इस मैराथन ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया बल्कि इसने जल संसाधनों को बचाने और उनके उचित उपयोग के लिए प्रेरित भी किया। सिंघारी गांव में आयोजित इस जल उत्सव दौड़ ने सभी उपस्थित लोगों के दिलों में जल के महत्व को और गहराई से बिठाया और यह संदेश दिया कि जल संरक्षण का काम हम सभी का दायित्व है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अनदेखी: शासन-प्रशासन तथा विभागीय उदासीनता का दंश झेल रहे ग्रामीण

# भाकुर से देवानपटपर व नेउर से कांदावानी सड़क जर्जर

**शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से क्षेत्रवासियों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सड़क निर्माण से जुड़ी ऐजेसिंया अथवा विभाग और उनके ठेकेदार अपने दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदारी बरतते हुए किस ढंग से क्षेत्रवासियों के लेकिन बहुपयोगी करोड़ों की लागत से निर्मित सड़कों का मटियामेट करने में अमादा दिखाई दे रहे हैं इसकी एक बानगी विकासखण्ड पंडरिया के ग्रामीण क्षेत्रों में साफ देखी जा सकती है।

जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल क्षेत्र में ग्रामीणों को बारहमासी बेहतर व सुलभ आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने करोड़ों रूपए की लागत से हाल के महिनो में ग्राम भाकुर से देवानपटपर तथा नेउर से कांदावानी सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन बताया जाता है कि संबंधित विभाग एवं उसके ठेकेदार द्वारा एक तो सड़क निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता और उस पर समय रहते सड़क का उचित रखरखाव व मरम्मत नहीं कराए जाने के कारण अब सड़क खस्ताहाल होने लगी है और सड़क में जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिससे वाहन चालकों को तो आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना ही पड़ रहा है साथ ही दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी हुई है। वहीं समय रहते मरम्मत नहीं होने के कारण आगे इस सड़क के और भी ज्यादा खराब होने का आशंका जताई जा रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से मांग की है वे क्षेत्र का दौरा कर इस बात को सुनिश्चित करें की कौन सी सड़क मरम्मत योग्य है और किस सड़क का निर्धारित समयावधि में मरम्मत कार्य नहीं किया गया है।

### ग्रामीणों व किसानो को भारी परेशानी



यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण अंचलों की लाईफ लाईन कही जाने वाली इन सड़कों की इस तरह की उपेक्षा और खस्ताहाल होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों तथा किसानो को भारी परेशानी उठानी पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी इन्हीं सड़कों से क्षेत्र के किसानो को धान तथा गन्ना सहित अन्य फसलों को परिवहन करना है। ऐसे में समझा जा सकता है कि जिन सड़कों में पैदल चलना भी मुस्किल है उन सड़कों भला किसान अपने फसलों से भरे वाहन कैसे चलाएंगे।

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से कई वार्डों में सीसी रोड पाइपलाइन स्वीकृत

## नपा अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

- नगर के वार्ड नंबर 24 25 26 को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से कवर्धा नगर के विभिन्न वार्डो में सीसी रोड पाइप लाइन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका रविवार को नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक व वार्डवासियों ने किया भूमिपूजन। इस संबंध में नगर पालिका परिषद कवर्धा से मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 24, 25 व 26 में रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, वार्ड पार्षद प्रमोद शर्मा, सुनील साहू व वार्डवासियों की उपस्थिति में अधोसंरचना मद अंतर्गत 80 लाख 74 हजार की लागत से निर्मित होने वाले पाइप लाइन विस्तारीकरण व सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से वार्डो में विकास की गंगा बह रही है। उन्होने जानकारी दी कि आज गणेश साहू के घर से गोपाल अग्रवाल के घर तक सीसी रोड, पवन मिश्रा के घर से रोहित ठाकुर के घर तक सीसी रोड, मदरसा गली में पाइप लाइन विस्तार, कलीराम साहू के घर से अभिषेक साहू के घर तक पाइप लाइन निर्माण विस्तार, जुटेल साहू के घर से पुराण योगी के घर तक पाइपलाइन निर्माण, बंटी अग्रवाल के घर से संतोष साहू के घर तक सी सी रोड निर्माण, सुशीला यादव के घर से अजय साहू के घर तक सी सी रोड निर्माण, सीता ठाकुर के घर से फागू यादव के घर तक पाइपलाइन निर्माण, रानी खान के घर से सोनू कौशिक के घर तक पाइपलाइन निर्माण, सुरेश साहू के घर से ठाकुर मैडम के घर सी सी रोड नाली पाइप लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वार्ड के सम्मानीय नागरिकों की उपस्थिति में कार्य प्रारंभ कराया गया। भूमिपूजन होने से वार्डवासियो ने खुशी जाहिर की नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आज वार्ड क्रं. 24, 25 व 26 के विभिन्न स्थानों में पाइप लाइन विस्तारीकरण व सीसी रोड निर्माण लागत 80 लाख 74 हजार रूपये का भूमिपूजन किया गया है सभी वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी सीसी रोड निर्माण नही होने से वार्डवासियों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था अब बरसात पूर्व सीसी रोड निर्माण होने जाने से लोगो को काफी सुविधा होगी। सभी उपस्थित लोगों ने सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति होने से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पार्षद गणो का हार्दिक आभार जताया है। भूमिपूजन के अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा मनहरण कौशिक, पार्षद प्रमोद शर्मा, पवन जायसवाल, सुनील साहू, राजेंद्र सलूजा, संजय देसाई, बलबीर खनूजा, प्रवीण राजपूत, रघुनाथ योगी, हरीश साहू, गोपाल सेन, पवन कौशिक, दुर्गेश कौशिक, बाली ठाकुर, जीवन कौशिक, ऋतु देसाई, मिस्त्री कौशिक, बिहारी धुर्वे अश्वनी बघेल, विजय साहू, संतोष कौशिक, जीवन चंद्रवंशी, भूखन कौशिक, किशन कौशिक, अजय साहू, मुकेश तिवारी, लेखु कौशिक, हरिहर कौशिक, नीलू साहू, कैलाश कौशिक, प्रवीण ठाकुर, संदीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, संतोष चंद्रवंशी, नंदलाल कौशिक, रमेश चंद्रवंशी, पंचू साहू एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अवतरण दिवस पर कवर्धा में कार्यक्रम 12 को



**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नामदेव समाज द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में संत श्री नामदेव महाराज का अवतरण दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जानकारी के मुताबिक देवउठनी एकादशी के दिन ही संत श्री नामदेव महराज का अवतरण हुआ। जिसके उपलक्ष्य में 12 नवम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा में भोजली तालाब के पास स्थित समाजिक भवन में सुबह 04 बजे से अखंड रामायण का पाठ का शुभारंभ किया जाएगा जो कि रात्रि 08 बजे उसी दिन समापन होगा है। इसी कड़ी में रात्रि 08 बजे संत श्री नामदेव महाराज की भव्य महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजकों ने लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

### लायंस क्लब ने मनाई आंवला नवमीं

**कवर्धा।** प्रतिवर्ष की भांति लायंस क्लब का पारिवारिक दीपावली मिलन समारोह आज 10 नवंबर रविवार को हनुमान वाटिका में संपन्न हुआ। संयोगवश आज आंवला नवमी का पर्व था इसलिए लायन साथियों ने परिसर में आंवला के वृक्ष की पूजा कर जल अर्पित किया तथा आंवले का पौधा रोपा। इस अवसर पर एक मधुमेह व रक्तचाप परीक्षण शिविर भी रखा गया था, जिसमें 54 लोगों की जाँच की गई।

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर गाय की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

- स.लोहारा पुलिस ने की आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



स.लोहारा पुलिस ने गाय पर क्रूरता पूर्वक वाहन चढ़ाकर उसकी निर्मम हत्या करने वाले एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 281, 325 बीएनएस एवं धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 8 नवम्बर को थाना स. लोहारा अंतर्गत ग्राम उड़िया कला स्थित राधा रघुराज पेट्रोल पंप के पास, एक वाहन क्रमांक सीजी-13-एई1313 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक गाय के ऊपर वाहन चढ़ाकर से कुचल दिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना के आधार पर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 321/2024 के तहत आरोपी पर धारा 281, 325 और बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया तथा मामले को विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने पेट्रोल पंप में लगे सीसी टीव्ही कैमरे तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी असीम रजा उर्फ अबरार पिता अजीज रजा, निवासी भिभौरी को हिरासत में लेने के बाद, उसे थाना परिसर में गवाहों को धमकाते हुए उन्हें उसके खिलाफ गवाही देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। आरोपी की इस धमकी और दंबगई के कारण, उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत भी प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी का इस्तगाशा तैयार कर उसे एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से आरोपी को जेल अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया गया। पुलिस विभाग ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधियों का मनोबल तोड़ने और कानून के प्रति सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए कोई भी प्रकार की धमकी और दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह के मामलों में कठोरतम कार्रवाई की जा रही है ताकि समाज में निष्पक्ष और भयमुक्त कानून व्यवस्था कायम रखी जा सके।

## हादसा...



**कवर्धा।** जिले से गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में गन्ने से भरा ट्रक पलटा, हादसे बाद ग्रामीणों में मनी गन्ना लूटने की होड़, पंडरिया से मध्यप्रदेश के ड़िडौरी ले जाई जा रही थी गन्ना की खेप।

# जिले के सभी ब्लॉक में एसडीएम को ज्ञापन आज, पांच सूत्रीय मांग शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी एवं प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में 11 नवम्बर को अपरान्ह 4:15 बजे अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्रियों व सचिवों के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षकों की पांच सूत्रीय मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, पुनरीक्षित वेतनमान में 1.86 गुणांक में वेतन निर्धारण करना, हाई कोर्ट के डबल बैंच के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी कर सभी पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान प्रदान करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर कुल 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन प्रदान करना तथा लंबित 3 प्रतिशत डीए व देय तिथि से एरियर्स राशि का जीपीएफ या सीजीजीपीएफ में समायोजन करना शामिल है। मोर्चा के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से 11 नवम्बर को अपरान्ह 4:15 बजे अपने ब्लॉक मुख्यालय के एसडीएम ऑफिस के पास उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

## किसानों ने धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी



**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ द्वारा गत 9 नवम्बर को गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से जिले के सभी सातों तहसील में मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम गौमाता की पूजा अर्चना तथा आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात गौ माता की महत्ता तथा कृषि में गौवंश की उपयोगिता पर चर्चा की गई। गौ आधारित जैविक खेती पर जोर दिया गया जिससे कि समाज को जहर मुक्त अन्न मिल सके। लोहारा तहसील के रणवीरपुर, पिपरिया तहसील के दशरंगपुर, कवर्धा तहसील के नेवारी, बोड़ला तहसील के कुसुमघटा, कुंडा तहसील के रैतापारा, पंडरिया तहसील के महली तथा रेंगाखार तहसील के समनापुर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी के सुरेश चंद्रवंशी, कुणाल सिंह, संजय साहू उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने सभी जिला कार्यकारिणी सदस्यों के साथ गोपाष्टमी उत्सव में शामिल हुए। लोहारा तहसील अध्यक्ष मूलचंद साहू, पिपरिया अध्यक्ष विकास चंद्रवंशी, कवर्धा तहसील अध्यक्ष पिंटू, बोड़ला तहसील अध्यक्ष पंकज वर्मा, कुंडा तहसील अध्यक्ष झम्मन चंद्रवंशी, पंडरिया तहसील अध्यक्ष भागवत चंद्राकर तथा रेंगाखार तहसील अध्यक्ष नेकलाल मरावी अपने सभी कार्यकारिणी सदस्य सहित अपने अपने तहसील के कार्यक्रम में शामिल हुए। दशरंगपुर में आयोजित गोपाष्टमी उत्सव कार्यक्रम में वीरांगना अवंति बाई लोधी वीरता पुरुस्कार से सम्मानित भारतीय किसान संघ की उपाध्यक्ष अदिति कश्यप तथा डॉ खूबचंद्र बघेल कृषक रत्न पुरुस्कार से सम्मानित शिव कुमार चंद्रवंशी का सम्मान भारतीय किसान संघ ने किया।

# आपस में भिड़े तीन वाहन तीनों चालक की हालत गंभीर



- नेशनल हाईवे स्थित ग्राम रानी सागर के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में ग्राम रानीसागर के पास बार फिर बड़ा हादसा सामने आया है। जहां एक साथ तीन वाहनों की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीनो वाहन के चालक घायल बताए जा रहे हैं जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानी सागर के पास रविवार की शाम को एक पिकअप वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रक और ट्रेलर की टक्कर हो गई। तीनों वाहनों की एक साथ हुई टक्कर के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रेलर पोहा मिल की दीवार को तोड़कर पोहा मिल में जा घुसा। ट्रक, ट्रेलर और पिकअप वाहन की टक्कर के बाद लोगों ने सबसे पहले राहत बचाव शुरू किया। पुलिस को खबर दी गई उसके बाद तीनों वाहनों के ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रेलर चालक इस हादसे में बुरी तरह स्टेयरिंग में फंस गया था। उसे स्टेयरिंग काटकर बाहर निकाला गया। इस हादसे में दो अन्य ड्राइवरों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर कवर्धा से रायपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन गलत साइड से आया और पिकअप वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रेलर ने कट लिया और वह ट्रक से टकराते हुए पोहा मिल में जा घुसी। इस हादसे में तीनों वाहनों के ड्राइवर घायल हो गए हैं। जिनका इलाज कवर्धा जिला अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची कवर्धा पुलिस की टीम घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## अक्षय नवमीं पर लोगों ने दान कर अर्जित किया पुण्य लाभ

# अक्षय नवमीं पर आंवला पेड़ की पूजा की और आंवला की छांव में किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हमारे धर्म और संस्कृति में कार्तिक महीने को बहुत ही पावन माना जाता है। दीपावली से लेकर पूर्णिमा स्नान तक कई पर्व आते हैं, जिनमें नवमी भी एक है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व में आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है। खिचड़ी आदि पकाकर केले के पत्तों पर सामूहिक रूप से भोजन करने का भी विधान हैं। कहते हैं एक बार भगवान विष्णु से पूछा गया कि कलियुग में मनुष्य में किस प्रकार से पाप मुक्त हो सकता है। भगवान ने इस प्रश्न के जवाब में कहा कि जो प्राणी अक्षय नवमी के दिन मुझे एकाग्र होकर ध्यान करेगा, उसे तपस्या का फल मिलेगा। यही नहीं शास्त्रों में ब्रम्ह हत्या को घोर पाप बताया गया है। यह पाप करने वाला अपने दुष्कर्म का फल अवश्य भोगता है, लेकिन अगर वह अक्षय नवमी के दिन स्वर्ण, भूमि, वस्त्र एवं अन्नदान करे और वह आंवले के वृक्ष के नीचे लोगों को भोजन कराए तो इस पाप से मुक्त हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अक्षय नवमी के रोज रविवार को बड़ी संख्या में महिलाओं सहित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना की और पेड़ के नीचे बैठक कर भोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने अक्षय नवमी की कथा भी सुनी।

### विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

आंवला नवमी के दिन महिलाएं सुबह स्नानकर करने के बाद अपने आस-पास स्थित आंवले के पेड़ के पास पहुंचकर तथा उस जगह पर साफ-सफाई की तत्पशचात उन्होने आंवले के पेड़ के नीचे पूर्व दिशा में खड़े होकर जल और दूध अर्पित किया। इसके बाद आंवला पेड़ की विधि विधान से पूजा आदि कर पेड़ के चारों तरफ सूत लपेटकर परिक्रमा की। अंत में आंवले की आरती उतारकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की गई।

### अक्षय नवमी को लेकर कई मान्यताएं

कार्तिक मास की नवमी तिथि को आंवला नवमी भी कहते हैं। मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के पेड़ पर निवास करते हैं। इस व्रत में भगवान विष्णु के पूजन का विधान है। अक्षय नवमी के अक्षय नवमी को ही भगवान विष्णु ने कुष्माण्डक दैत्य को मारा था। इस दिन ही भगवान श्री कृष्ण ने कंस वध से पहले तीन वन की परिक्रमा की थी। आज भी लोग अक्षय नवमी पर मथुरा-वृंदावन की परिक्रमा करते हैं।